शोध मंथन, Impact Factor 6.726 (SJIF), UGC No. 40908 ISSN: (P): 0976-5255, (e) : 2454-339X,
834 Available at: *http:/shodhmanthan.anubooks.com/* https://doi.org/10.31995/shodhmanthan

# उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव–2017 में राजनीतिक दलीय स्थिति का विश्लेषण

कुशध्वज कुमार सिंह
*भूगोल विभाग*
*दी0द0उ0गो0वि0वि0 गोरखपुर*
*Email : singhiskush@gmail.com*

**सारांश**

*लोकतांत्रिक भारत के संघात्मक स्वरूप के कारण आम चुनाव अर्थात लोकसभा चुनाव के अलावा प्रत्येक राज्य में हर 5 वर्षों बाद विधानसभा चुनाव होते हैं। विधानसभा चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दल चुनाव आयोग द्वारा आवंटित विभिन्न चुनाव चिन्हों के माध्यम में चुनाव में सहभागिता करते हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी अनेक राजनीतिक दलों की सहभागिता होती है। जैसे– भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, अपना दल इत्यादि। अध्ययन हेतु उत्तर प्रदेश को चुना गया है। जिसका क्षेत्रफल 2,40,928 वर्ग किलोमीटर है तथा 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य में जिलों की संख्या 75 है। प्रस्तुत अध्ययन का उदेद्श्य राज्य में विधानसभा चुनाव–2017 में राजनीतिक दलीय स्थिति का विश्लेषण करना है। अध्ययन उदेद्श्य की पूर्ति हेतु आंकड़ो का संग्रह द्वितीयक स्त्रोतो द्वारा किया गया है जिसे जनगणना 2011 तथा भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त किया गया है। उत्तर प्रदेश में कुल 75 मिलें, 18 सम्भाग, 350 तहसील हैं। भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा 17वीं विधानसभा के गठन हेतु सात चरणों में चुनाव करवाये गये। उत्तर प्रदेश के 2017 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 39.67% वोट प्राप्त करते हुए 312 सीटों पर विजय प्राप्त की।*

***मूल शब्द-*** *विधानसभा चुनाव, राजनीतिक दल, लोकतांत्रिक भारत, संघात्मक, विश्लेषण*

## प्रस्तावना

विधानसभा चुनाव भारत के राज्यों में कराये जाने वाले राज्यस्तरीय चुनाव है। इन चुनावों में हर राज्य की जनता अपने राज्य स्तर के शासन के लिए अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करती है, जिन्हे 'विधायक' कहते है। लोकतांत्रिक भारत के संघात्मक स्वरूप के कारण आम चुनाव अर्थात लोकसभा चुनाव के अलावा प्रत्येक राज्य में हर 5 वर्षों बाद विधानसभा चुनाव होते हैं। इन चुनावों के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रणाली के अन्तर्गत जनता अपने जन–प्रतिनिधियों को चुनती है जिससे ये चुने हुए जन–प्रतिनिधि अगले 5 वर्षों तक राज्य की जनता के कल्याण हेतु कार्य कर सके। वहीं विधानसभा चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दल चुनाव आयोग द्वारा आवंटित

विभिन्न चुनाव चिन्हों के माध्यम में चुनाव में सहभागिता करते हैं। राजनीतिक दल किसी समाज व्यवस्था में शक्ति के वितरण तथा सत्ता के आकांक्षी व्यक्तियों एवं समूहों का प्रतिनिधित्व करते हैं। (योजना, अगस्त 2012, अंक–8)

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी अनेक राजनीतिक दलों की सहभागिता होती है। जैसे– भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, अपना दल इत्यादि।

## अध्ययन क्षेत्र

उत्तर प्रदेश भारत का एक सीमांत राज्य है जिसका वर्तमान अस्तित्व 9 नवम्बर 2000 में आया था। उत्तर प्रदेश का अक्षांशीय विस्तार 23̇ 52′ उत्तर से 31̇ 28′ उत्तर तथा देशान्तरीय विस्तार 77̇ 3′ पूर्व से 84̇ 39′ पूर्व देशान्तरों के मध्य है। उत्तर प्रदेष का क्षेत्रफल 2,40,928 कि. मी.$^2$ है जो कि भारत के कुल क्षेत्रफल का 7.33% है। पूर्व से पश्चिम इसकी कुल लम्बाई 650 कि.मी., वहीं उत्तर से दक्षिण इसकी कुल चौड़ाइ 240 कि0मी0 है। है। उत्तर प्रदेश की उत्तरी सीमा नेपाल से स्पर्श करती है। वहीं उत्तर प्रदेश की सीमा भारत के आठ राज्यों यथा–हिमांचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखण्ड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, बिहार तथा एक केन्द्रशासित प्रदेश दिल्ली से स्पर्श करती है। उत्तर प्रदेश उपोष्ण कटिबंध में आता है । इसकी जलवायु मानसूनी प्रकार की है।


उत्तर प्रदेश भारत का सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य है। 2011 की जनगणना के अनुसार इसकी कुल जनसंख्या 199812341 है जो कि भारत की कुल जनसंख्या का 16.51% है। वहीं उत्तर प्रदेश की जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर 20.2% है। इसके साथ–साथ उत्तर प्रदेश का जनसंख्या घनत्व 823 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. है तथा लिंगानुपात 912/1000 है। उत्तर प्रदेश का साक्षरता दर 67.7% है जिसमें पुरूष साक्षरता दर 77.3% तथा महिला साक्षरता दर 57.2% है। (भारतीय जनगणना, 2011)

## उद्देश्य

1. विधानसभा चुनाव–2017 में राजनीतिक दलों की स्थिति का अध्ययन करना।
2. चुनाव में भाग लेने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा प्राप्त मतों का विश्लेषण करना।
3. चुनाव परिणाम में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रदर्शन का क्षेत्रीय अध्ययन।

## शोध प्राविधि

शोध प्रपत्र में प्रस्तुत आंकड़ों का संकलन द्वितीयक स्त्रोतों से किया गया है। इसके साथ ही भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव के दिये गये आंकड़ों के आधार पर उनका वर्गीकरण, विश्लेषण तथा सारणीयन किया गया है




स्रोत भारतीय निर्वाचन आयोग

## राजनीतिक दलीय स्थिति का विश्लेषण

उत्तर प्रदेश में कुल 75 मिलें, 18 सम्भाग, 350 तहसील हैं। यहॉ लोकसभा की 80 सीटें, राज्यसभा की 31 सीटें, विधान परिषद की 99+1=100 सीटें तथा विधानसभा की 403+1=404 सीटें हैं। उत्तर प्रदेश के 403 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से आरक्षित सीटों की संख्या 86 है।

**उत्तर प्रदेश 17वीं विधानसभा चुनाव में कुल मतदाता**

| क्रम संख्या | मतदाताओं का समूह | मतदाताओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | पुरूष | 7.7 करोड़ |
| 2. | महिला | 6.3 करोड़ |
| 3. | थर्ड जेण्डर | 6983 |
| कुल मतदाता | 14.05 करोड़ | |


स्त्रोत –भारतीय निर्वाचन आयोग

भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा 17वीं विधानसभा के गठन हेतु सात चरणों में 403 विधानसभा सीटों जिसमें 84 अनुसूचित जाति था 2 अनुसूचित जनजाति के लिए है, हेतु चुनाव करवाये गये। इस चुनाव की मतगणना तथा परिणाम 11 मार्च को जारी किए गए। इस विधानसभा चुनाव में 61.04% मतदान हुआ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव–2017 में विभिन्न चरणों में हुए चुनाव व जिलों व उनके नाम तथा सीटों की संख्या का विवरण नीचे सारणी में प्रदर्शित किया गया है –

| चरण | मतदान का दिन | जिले | सीटें | जिलों के नाम |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | 11 फरवरी | 15 | 75 | शामली,मुजफ्फरनगर,बागपत,मेरठ,गाजियाबाद,एटा,हापुड,गौतमबुद्धनगर,बुलंदशहर,अलीगढ,मथुरा, हाथरस,आगरा,फिरोजाबाद,कासगंज |
| द्वितीय | 15 फरवरी | 11 | 67 | सहारनपुर,बिजनौर,मुरादाबाद,सम्भल,रामपुर,बदायूं ,बरेली,अमरोहा,पीलीभीत,लखीमपुरखीरी,शाहजहांपुर |
| तृतीय | 19 फरवरी | 12 | 69 | फर्रुखाबाद,हरदोई,कन्नौज,मैनपुरी,इटावा,औरैया,सीतापुर कानपुरदेहात,कानपुर नगर,उन्नाव,लखनऊ बाराबंकी |
| चतुर्थ | 23 फरवरी | 12 | 53 | प्रतापगढ़,कौशाम्बी,इलाहाबाद,जालौन,झांसी,महोबा,ललितपुर, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, रायबरेली |
| पंचम | 27 फरवरी | 11 | 52 | बलरामपुर,गोण्डा,फैजाबाद,अम्बेडकरनगर,बहराइच,श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीरनगर, अमेठी तथा सुल्तानपुर |
| छठा | 4 मार्च | 7 | 49 | महराजगंज,कुशीनगर,गोरखपुर,देवरिया,आजमगढ़,मऊ,बलिया |
| सातवां | 8 मार्च | 7 | 40 | गाजीपुर, बाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र तथा जौनपुर। |

**स्त्रोत भारतीय निर्वाचन आयोग**


निम्न मानचित्र के माध्यम से स्पष्ट होता है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी व मध्यवर्ती उत्तर प्रदेश की तुलना में कम औसत मतदान का क्षेत्र रहा। जहाँ पश्चिमी व मध्यवर्ती उत्तर प्रदेश के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, चरण में क्रमशः 64%, 66%, 62%, 61%, मतदान प्रतिशत रहा, वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के पांचवे, छठें औसत सातवें चरण में क्रमशः 58%, 60%, तथा 57%, मतदान प्रतिशत रहा।




17वीं विधानसभा चुनाव–2017 में 403 विधानसभा सीटों हेतु हुए चुनाव में 312 सीटें जीतकर भारतीय जनता पार्टी 3/4 बहुमत प्राप्त किया जबकि 2012 में हुए विधानसभा चुनाव में मात्र 47 सीटें प्राप्त हुई थीं। वहीं अन्य पार्टियों में समाजवादी पार्टी की 2017 विधानसभा चुनाव में मात्र 47 सीटें प्राप्त हुई, जबकि 2012 के विधानसभा चुनाव में 224 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। वहीं बहुजन समाज पार्टी को 2017 में 19 सीटों पर तो 2012 में 80 सीटों पर विजय प्राप्त हुई थी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 2017 में 7 सीटें जबकि 2012 में 28 सीटों पर विजय प्राप्त हुई थी। वहीं अन्य राजनीतिक दलों में अपना दल (सोनेलाल) को 2017 में 9 सीटें जबकि 2012 में मात्र 1 सीट प्राप्त हुआ था तथा राष्ट्रीय लोकदल को 2017 में मात्र 1 सीट जबकि 2012 में 9 सीटें प्राप्त हुई थी। इसके अलावा 2017 के विधानसभा चुनाव में निषाद पार्टी को 1 सीट तथा स्वतंत्र उम्मीदवारों को 3 सीटे प्राप्त हुई।

| राजनीतिक दल | प्राप्त सीटें | |
|---|---|---|
| | 2017 | 2012 |
| भारतीय जनता पार्टी | 312 | 47 |
| समाजवादी पार्टी | 47 | 224 |
| बहुजनसमाज पार्टी | 19 | 80 |
| भारतीय राष्ट्रीय कॉग्रेस | 7 | 28 |
| अपना दल सोनेलाल | 9 | 1 |
| राष्ट्रीय लोकदल | 1 | 9 |
| सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी | 4 | 0 |
| निषाद पार्टी | 1 | 0 |
| स्वतंत्र | 3 | 6 |
| कौमी एकता दल | 0 | 2 |
| पीस पार्टी | 0 | 4 |
| राष्ट्रवादी कॉग्रेस पार्टी | 0 | 1 |
| इत्तेहाद–इ–मिल्लत पार्टी | 0 | 1 |
| कुल सीट | 403 | 403 |

स्त्रोत– भारतीय निर्वाचन आयोग




स्त्रोत–दैनिक जागरण, 23 अप्रैल, 2017

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव–2017 में भारतीय जनता पार्टी ने 384 सीटों पर चुनाव हेतु उम्मीद्वारों की घोषणा की थी जिसमें से उन्हे 312 सीटों पर विजय प्राप्त हुई तथा भाजपा के हारे हुए प्रत्याशियों में 5 सीटों पर उम्मीद्वारों ने अपनी जमानत नहीं बचा पाये। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने 403 सीटों पर चुनाव हेतु प्रत्याशियों को मैदान में उतारा था, जिसमें से 19 सीटों पर विजय प्राप्त हुई तथा हारे हुए सीटों में से 81 सीटों के उम्मीद्वारों ने अपनी जमानत नहीं बचा सके। वही समाजवादी पार्टी ने 311 सीटों पर चुनाव लड़ने हेतु अपने उम्मीद्वारों की घोषणा की थी जिसमें से उन्हे 47 सीटों पर विजय प्राप्त हुई तथा हारे हुऐ सीटों में से 25 सीटों पर उम्मीद्वार अपनी जमानत नहीं बचा सके। वहीं कांग्रेस ने 114 सीटों पर चुनाव उम्मीद्वारों की घोषणा की थी जिसमें से उन्हे 7 सीटों पर विजय प्राप्त हुई तथा शेष हारी हुई सीटों में से 29 सीटों के प्रत्याशी अपनी जमानत नहीं बचा सके। इसके अलावा राष्ट्रीय लोकदल ने 277 सीटों पर उम्मीद्वारों के नाम की घोषणा की थी परन्तु इन्हे मात्र 1 सीट पर ही विजय प्राप्त हुई तथा शेष हारी हुई सीटों में से 266 सीटों के प्रत्याशियों ने अपनी जमानत को नहीं बचा सके। इसके अलावा अपना दल ने 11 सीटों पर उम्मीद्वारों की घोषणा की थी तथा इन्हे 9 सीटों पर विजय प्राप्त हुई।

**विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा घोषित उम्मीद्वारों का प्रदर्शन**

| राजनीतिक दल | सीटे पर उम्मीद्वारों के नाम की घोषणा | सीटों पर विजय प्राप्त हुई | जमानत जब्त हुई |
|---|---|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी | 384 | 312 | 5 |
| बहुजन समाज पार्टी | 403 | 19 | 81 |
| समाजवादी पार्टी | 31 | 47 | 25 |
| कांग्रेस | 114 | 7 | 29 |
| अपना दल | 11 | 9 | 0 |
| राष्ट्रीय लोकदल | 277 | 1 | 266 |
| स्वतंत्र उम्मीद्वार | 1462 | 3 | 1455 |

स्त्रोत भारतीय निर्वाचन आयोगद्वारा प्रकाशित आंकड़े

उत्तर प्रदेश के 2017 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 39.67% वोट प्राप्त करते हुए 312 सीटों पर विजय प्राप्त की। इसी प्रकार समाजवादी पार्टी ने 2012 के विधानसभा चुनाव में 29.15% वोट के साथ 224 सीटों पर विजय प्राप्त की। परन्तु 2017 के विधानसभा के चुनाव में 21.8% मतों के साथ केवल 47 सीटों पर विजय प्राप्त कर सकी। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी ने जहॉ 2012 में 25.91% वोट शेयर के साथ 80 सीटों पर विजय प्राप्त की, वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 22.2% मतों के साथ केवल 19 सीटों पर ही विजय प्राप्त कर सकी। इसके अलावा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने जहां 2012 विधानसभा चुनाव में 11. 63% मतों को प्राप्त करते हुए 28 सीटों पर विजय प्राप्त की, वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में मत प्रतिशत घटकर 6.2% रह गया तथा सीटों की संख्या भी घटकर केवत 7 सीटें रह गईं। इसके अलावा शेष बची हुई पार्टियों ने जहॉ 2012 विधानसभा चुनाव में 18.31% मतों के साथ 24 सीटों पर विजय प्राप्त किये, वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 10.31% वोट 18 सीटों पर विजय प्राप्त कर सके। (जनसत्ता 19 मार्च, 2017)

## संदर्भ ग्रंथ

1 भारतीय जनगणना, 2011
2 भारतीय निर्वाचन आयोग
3 योजना(अप्रैल–2009)''15वीं लोकसभा के लिए चुनावी महापर्व'', अंक–4, नई दिल्ली
4 योजना (अगस्त 2012)''संसदीय लोकतंत्र के 65 वर्ष'', अंक–8, नई दिल्ली
5 योजना (अगस्त 2013)''लोकतंत्र का जयघोष तथा भारतीय लोकतंत्र में चुनावों की भूमिका'', अंक–8, नई दिल्ली
6 सिंह अनिल कुमार,(2007)''बस्ती मण्डल में उ0प्र0 में विधानसभा निर्वाचन–2007''
7 दैनिक जागरण (23 अप्रैल, 2017)''यू0पी0 में 14 वर्ष बाद खिला कमल, भाजपा ने लगाया जीत का तिहरा शतक'', गोरखपुर
8 जनसत्ता (19 मार्च, 2017)''योगी आदित्यनाथ ने सम्भाली यू0पी0 की कमान, दो डिप्टी सी0एम0, 22 कैबिनेट और 22 राज्य मंत्री ने भी ली शपथ '', गोरखपुर